शब्दामृत

(२)

2005

(शब्दामृत)

(तालिका)

क्र.स.	शब्द एवं व्याख्या	पेज सं.
1.	हमारे एकै हरी हरी	4
2.	बाबा बिख देखिआ संसार	6
3.	तेरा जन राम नाम रंग जागा	8
4.	चरणा कमल की आस प्यारे	10
5.	ऊठत बैठत सोवत ध्याइये	12
6.	मांगऊ दान ठाकुर नाम	14
7.	मेरे प्रीतम प्यारे, मान करऊ तुध ऊपरे	16
8.	हरि जीओ कृपा करे	18
9.	झखड़ झांगी मीहु वरसै, भी गुरू देखणा जाई	20
10.	मेरे साहिब, मेरे साहिब, तूँ मै माणा निमाणी	22
11.	मेरे राम राय तूँ संता का संत तेरे	26
12.	ठाकुर तुझ बिन आहि न मोरा	29
13.	मेरा वैद्य गुरू गोविन्दा	30
14.	प्रातः काल हरि नाम उचारी	32
15.	हरि बिसरत सदा खुआरी	34
16.	गुणा निधान मेरा प्रभु करता	36
17.	गोबिन्द नाम मत बीसरे रे वाई	38
18.	नमो नमो नमो, नेति नेति नेति है	40
19.	कहा भयो जो दोऊ लोचन मूंद के	42
20.	हरि जीओ कृपा करे	44
21.	हरि राम, राम राम, रामा	46
22.	मैं सारा जग एह भालिआ	48
23.	मागऊ दान ठाकुर नाम	50
24.	तूँ समरथ सदा, हम दीन भेखारी राम	52
25.	तूँ समरथ वडा मेरी मति थोडी राम	54
26.	हरि दइआ प्रभु धारहो, पाखणा हम तारहो	56
27.	तुम्हरी किरपा ते मानुख देह पाई है	58
28.	हरि एक सिमर, एक सिमर	60
29.	मेरे मन अहनिसि हरि गुणा सार	62
30.	कर कृपा दयाल प्रभ, एह निधि सिधि पावऊ	64
31.	लख खुशियां पात शाहियां, जे सतगुरू नदर करे	66
32.	प्रभु कृपा ते होय प्रगास	68

क्र.स.	शब्द एवं व्याख्या	पेज सं.
33.	भिन्नी रैनविगाये चमकन तारे	70
34.	नित जपिये, नित जपिये नाम परवरदिगार दा	71
35.	गोविन्द नाम मत वीसरे	72
36.	गुरू सिख मीत चलहु गुरू चाली	73
37.	वस मेरे प्यारिया 3 वस मेरे गोविन्दा	74
38.	हमरा ठाकुर सब ते ऊचा	76
39.	चरणा कमल की आस प्यारे	77
40.	किरपा करो हरे हरे	78
41.	मेरे मीत गुरूदेव, मो को राम नाम प्रगास	80
42.	मेरे राम जी, मेरे राम जी	82
43.	पूरी आसा जीओ मेरी मनसा	84
44.	हऊ वारि वारि अपने गुरू को जासां	86
45.	ठाकुर होय आप दइआल	88
46.	मेरे प्रभु प्रीतम नाम आधारा	89
47.	तेरा जन राम नाम रंग जागा	90
48.	मैं गरीब सच टेक तूँ	92
49.	रैरा दिनस प्रभात तूँ ही तूँहै ही गावणा	93
50.	मैं बिन गुरू देखै नींद न आवै	94
51.	हल्ले यारा, हल्ले यारा खुशखबरी	95
52.	प्रभु जी पेखंऊ दरस तुम्हारा	96
53.	अति प्रीतम मनमोहना घट सोहना	97
54.	माई प्रभु के चरणा निहारऊ	98
55.	हऊ वजां कुरवाणा साई आपणो	100
56.	तुध बिन अवर न जाणा मेरे साहिबा	102
57.	हऊ वारि वारि अपने गुरू को जासा	104
58.	चरणा कमल संग राच, मन मेरे चरणा	106
59.	मेरे राम जी तूँ प्रभु अन्तरयामी	108
60.	दर्शन देख जीवां 2 सतगुरू तेरा	110
61.	मेरा वैद गुरू गोविन्दा	112
62.	मेरे प्रभु प्रीतम प्राणा आधारा	113
63.	तुध बिन दूजा नाही कोय	114
64.	काटे कष्ट पूरे गुरूदेव, सेवक को दीन्ही अपनी सेव	116
65.	साधो गोविन्द के गुणा गाओ	117
66.	हरि राम राम राम रामा, जप पूर्णा होय कामा	118
67.	मैं बन्दा बेखरीद सच साहब मेरा	119
68.	मेरे लाल रंगीले, हम लालन के लाले	120

क्र.स.	शब्द एवं व्याख्या	पेज सं.
69.	जप मन मेरे गोविन्द की बाणी	121
70.	बोल हरि नाम 3 सफल सा घडी	122
71.	राम राम राम जप, रमत राम सहाई	123
72.	प्राणा चाहे छूटे, न छूटे तेरा नाम, श्रीराम	124
73.	अमृता प्रिअ वचन तुम्हारे, अति सुन्दर मन मोहन प्यारे	126
74.	किआ मागंऊ किछु थिरू न रहाई	128
75.	पूता माता की आसीस, निमख न विसरे तुम को हरि	130
76.	गाऊ गाऊरी दुल्हनी मंगला चारा	132
77.	किरपा करो हरे, हरे कृपा करो हरे	133
78.	मेरे प्रीतम प्यारे, मान करऊ तुध उपरे	134
79.	जन के पूरा होय काम	136
80.	कोई आणा मिलावै, मेरा प्रीतम	137
81.	दरसन दीजै खोल किवाड.	138
82.	जाचक नाम जाचै 2 सर्वआधार सर्व के नायक	139
83.	ओट लेहो हरि नाम	140
84.	तुम्हरी कृपा ते मानुख देह पाई है	141
85.	इक तिल प्रभु न वीसरे, जिन सब किछ दीआ राम	142
86.	दिन राती आराधहो प्यारे	143
87.	किस नाल कीजै दोस्ती, सब जग चलणाहार	144
88.	कर किरपा अपने घर आया	145
89.	आस पास धन तुलसी का विरवा	146
90.	अतंर राम राय प्रगटे आये	148
91.	चरणा कमल संग लागी डोरी	150
92.	मन मेरे, मन मेरे, हरि के चरणा रवीजै	152
93.	अब अपने प्रीतम सिंऊ बन आई	154
94.	ए सरीरा मेरेआ, इस जग महि आइकै	156
95.	विसर नाही दातार, 2 अपना नाम देहो	158
96.	माई मैं किह विधि लखंऊ गुसाई	160
97.	तुझ बिन कवन हमारा, मेरे प्रीतम प्राणा आधारा	162
98.	मोरे आये हैं , आये हैं, मोरे आये हैं	164
99.	कृपानिधि बसो हृदय हरि नीत	165
100.	सतगुरू अपने सुनी अरदास, कारज आया सगला रास	166
101.	मेरे राम राय सतां टेक तुम्हारी, मेरे राम राय	168
102.	सोई धिआइए जीअड़े , सिर शाहां पातशाह	170
103.	कभी न घटे.....	172
104.	गुरू जी के दरसन को बलि जाऊं	174

क्र.स.	शब्द एवं व्याख्या	पेज सं.
105.	रसना राम के गुण गाऊ	176
106.	सखी सहेली गरब गहेली	178
107.	सब गोबिन्द है, सब गोबिन्द है	180
108.	चोजी मेरे गोबिन्दा, चोजी मेरे प्यारिया	182
109.	सभै घट राम बोलै, रामा बोलै	184
110.	सो धन वखर नाम हृदय हमारे	186
111.	गुरू तार तारण हारिआ	188
112.	गलीं असीं चंगिआ, आचारी बुरीआह	190
113.	मेरे साहिबा, कउण जाणो गुण तेरे	192
114.	सब अवगुण मै गुण नही कोई	194
115.	कर्त्ता तूँ मैं माण निमाणो	196
116.	तेरा एक नाम तारे संसार	198
117.	इक तिल वीसरे, भगति किनेही होय	201
118.	करता तूँ मेरा जजमान	203
119.	जलि जाऊ जीवन नाम बिना	204
120.	भाई रे राम कहहो चित्त लाये	206
121.	हऊ कुरबानै जाऊं मेहरबाना	208
122.	बाबा माया साथ न होय	210
123.	सो धन वखर नाम हृदय हमारे	212
124.	मनरे थिर रह, मत कत जांही जीओ	213
125.	नानक रूना बाबा जाणीऐ	216
126.	प्रेम के कान लगे तन भीतर	218
127.	मन रे राम नाम जस ले	220
128.	तेरा भाणा सब किछ होय	222
129.	प्राणी ! एको नाम ध्यावहो	224
130.	बारहं मांह सक्रान्ति	226
131.	लांवा	234
132.	पूरी आसा जीओ मेरी मनसा	236
133.	आत्मा की चाय और आत्मा का नाश्ता (प्रार्थना)	238
134.	रक्षामन्त्र	245
135.	आनन्द साहिब	247
136.	अरदास	249
137.	आरती सतगुरू भगवान की	251
138.	आरती नारायण जी की	253
139.	परिक्रमा	254
140.	आरती शंकर भगवान जी की	254

"श्रीराम"

हमें बड़ी श्रद्धा है उन पर
उन्हें चिन्ता हमारी है
हम सब के रक्षक
सुदर्शन चक्रधारी हैं

बोलो सत्यनारायण स्वामी जी
की जय
बोलो विष्णु भगवान जी की जय

श्रीराम

बधाई हो बधाई हो, क्योंकि आज हमें आत्मा के लिए अमृत प्राप्त हो रहा है। पहले आप को शब्दामृत प्राप्त हुआ, राम जी की प्रेरणा से कई शब्द व्याख्या सहित आप को कंठस्थ भी हो गये और परमानन्द भी प्राप्त हुआ।

अब यह शब्दामृत नये वर्ष 2005 के लिए प्रसाद (कृपा) है। जब जीव पर विशेष कृपा होती है तभी ऐसे २ रस भरे शब्द, अपने राम जी (सतगुरु) के हाथों से लिखे प्राप्त होते हैं, जिससे जीवन ही सारा बदल जाता है।

बलिहारी गुरु आपणो दिऊहाड़ी सड़वार
जिन मानस ते देवते किये, करत न लागी बार

इसी लिए आप को "कर कृपा" का मन्त्र जाप करने को कहा जाता है, पूरी प्रभु की कृपा से सारा जगत राममय हो जाता है फिर हमारे साईन Signature यही हो जाते हैं?

रामजी राम राम
श्रीराम
"कर कृपा प्रभु दीनदयाला"
"तेरी ओर पूरी गोपाला" 22.3.04

श्रीराम

कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला

राम जी राम राम

22.3.04

11 रात्रि 11.00 P.M

"शब्दामृत प्रारम्भ होते है
पधारिए कृपा निधान
केवल कृपा की आप से
आप लीजो भगवान"

22.3.04 4
(11 P.M.)

शब्द

हमारे एकै हरी हरी,
आन अवर सिञ्जारा न करी।
हमारे एकै ---

II

बेड भाग्य गुरु अपना पाइओ,
गुरु मो को हरि नाम दृढ़ाइओ।
हमारे एकै --

III

हरि हरि जाप ताप व्रत नेमा,
हरि हरि ध्यान कुशल सन खेमा।
हमारे एकै --

IV

आचार बिउहार जाति हरि गुनिआ,
महा आनन्द हरि कीरतन सुनिआ।

V

कहो नानक जिन ठाकुर पाइआ
सग किछ तिस के घर मे आइआ
हमारे एकै ---

रामजी राम राम
श्रीराम

22.3.04

Central idea

व्याख्या

शब्द 1

जब हमारे पूर्वज संस्कार जागृत होते हैं, वह भी अगर अच्छे हों तो, पूरी गुरु प्राप्त होते हैं, पूरी गुरु केवल नाम से जोड़ते हैं, दूसरे विचारों से मन को हटा देते हैं, बस फिर शिष्य के मन में केवल हरि हरि या श्रीराम, कोई भी नाम ही चलता रहता है। वह हमें व्रत वगैरा कर्म कांडों से ऊपर उठा देते हैं, जब हर समय एक पूरी प्रभु का ही चिन्तन हो रहा है, नाम कीरतन कथा, उस के लिए ही सब कर्म हो रहे हैं, नहीं करने वाला है, ऐसे महसूस होने लगता है, सब अपनी सयानपे खत्म हो जाती हैं।

जब हृदय में वह स्वयं ठाकुर प्रगट हो जाते हैं तो समझो हमें सब कुछ प्राप्त हो गया

क्या आनन्द की अवस्था है

अर्थ न धर्म न काम रुचि गति न चाहू निर्वाण
जन्म जन्म पद कमल रति, यह वरदान मोहे आन

रामजी राम राम
जी राम कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला

Date 24. 3. 04

शब्द 2

वाहा विरव देखिआ संसार,
रक्खा करहु गोसाई मेरे, मैं नाम तेरा आधार।

1

जां तूं साहिब तां भऊ केहा, हऊ तुध बिन किस सालाही,
एक तूं तां सब किछ है, मै तुध बिन दूजा नाही।

2

जाराहि विरथा सभा कीन की, होर किस पै आप सुणाईऐ
बिन नावै सब जग बऊराना, नाम मिले सुख पाईऐ

3

क्या कहिए किस आप सुणाईऐ, जि कहणा सु प्रभ जी पास,
सब किछ कीता तेरा होवै सदा २ तेरी आस।

4

जे देहि वडआई, तां तेरी वडआई, इत उत तुझहि धिआउ
नानक के प्रभु सदा सुखदाते, मै तेरा तेरा इक नाउ

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरा गोपाला
24. 3. 04 (3.30 AM)

24.3.04

व्याख्या

महाराज जी, अपने इष्टदेव परम पिता परमात्मा अखण्ड ब्रह्माण्ड के स्वामी को सम्बोधित करते हुए कह रहे हैं, हे बाबा! यह सारा संसार विष से भरा हुआ है, ऐसा मेरा अनुभव है, अगर आप का मैं आश्रय ले लेता हूँ तो यह सुखमय हो जाता है। मैंने आप को अपना मालिक बना लिया है, इस लिए मैं आप के बिना किसी की सराहना नहीं करता, अगर आप हैं तो मेरा सब कुछ है, मेरा आप के बिना और कोई भी नहीं है। आप मेरी सारी व्यथा जानते हो, और मैंने किसी से नहीं कहना, क्योंकि मुझे यह पता लग गया है, कि नाम बिना सारा संसार माया के पीछे पागल हो रहा है, और वास्तविक सुख तो भजन सिमरण में है। इस लिए मैंने तो सब कुछ आप को ही कहना है, क्योंकि सब कुछ करने वाले आप हो, मेरा कुछ भी नहीं सब बड़ाई आप की है आप तो सदा सुखदाई हो मुझे आप के नाम पर मान है

राम जी राम राम
श्री राम
24.3.04 (3.40 AM)

Date 24. 3. 04

3

शब्द

तेरा जन राम नाम रंग जागा,
आलस्य छीज गया सब तन ते, प्रीतम सिऊ मन लागा।

2

जिस को विसरै प्रानपति दाता, सोई गनऊ अभागा,
चरण कमल जां का मन रागिओ, अमिअ सरोवर पागा।

3

जहं जहं पेखऊ तहं नारायण, सगल घट महि तागा
नाम उदक पीवत जन नानक, त्यों सब अनुरागा

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरण गोपाला
24. 3. 04 (4 AM)

3

व्याख्या शब्द

महाराज फरमा रहे हैं, हे प्रभो! हे नारायण जी! आप का भक्त अगर प्रभु नाम में, राम नाम में रंग गया है, तो वह आलसी नहीं होगा, तामसी नहीं होगा, क्योंकि आप आलसी नहीं है, इस लिए मेरा आलस्य भी सब दूर हो गया है। संसार में वह भाग्यहीन हैं, जिन को प्राणपति प्रीतम, भगवान भूल जाते हैं, और वह झूठी माया में मन को लगाये रहते हैं। जिन का मन प्रभु चरणों में लगा रहता है, वह तो सदा अमृत रस पान करते रहते हैं। नाम रस पीने से, शेष सारे संसार के रस अपने आप ही समाप्त हो जाते हैं, बस उसे हर जगह अपना प्यारा ही नजर आता है। जैसे गोपियों ने कहा

जित देखु तित श्याम-मई है
श्याम तन, श्याम मन, श्याम है हमारो धन
योग कहाँ आवे यहां सब राम नाम है

राम जी राम राम
श्री राम
24 3.04 (4.5 A.M)

Date 29.3.04

शब्द 4

चरना कमल की आस प्यारे,
जम कंकर नस गये विचारे।

II

तूँ चित आवे तेरी मइआ,
सिमरत नाम सगल रोग खइआ।

III

अनिक दुख देवहि अवरा को,
पहुचै न साके जन तेरे कउ।

IV

दरस तेरे की प्यास मन लागी,
सहज आनन्द वसै वैरागी।

V

नानक की अरदास सुणीजै
केवल नाम हृदय मे दीजै

रामजी राम राम
श्री राम
29.3.04 (4 AM)
कर कृपा हे दीनदयाला
तेरी आस पूरा गोपाला

व्याख्या शब्द 4

अपने प्रभु और की ही आशा है मन में, बस उन के चरणकमलों में पड़े रहें, इस प्रकार अगर जीवन बन जाये तो जन्म नहीं आयेगा अन्त समय हमारे इष्ट देव (रामजी, नारायण जी) ही हमारी आत्मा को अपने में मिला लेंगे। अगर आप की कृपा हो तभी आप सदा हमारे चित में बस सकते हैं, और अगर सदा आपकी ही याद में रहे तो, सारे मानसिक शारीरिक रोग नाश हो जाते हैं, ऐसा दृढ़ विश्वास है। क्योंकि भगवान का विरद है वह भक्तों की रक्षा करते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं

परित्राणाय साधूनाम्
विनाशाय च दुष्कृताम्
धर्म संस्थापनार्थाय
सम्भवामि युगे युगे (गीता)

मैं तो कुछ भी नहीं हूं।
केवल आप की बिकी हुआ दासी हूं। आप गुणों से भरपूर हो, इतने गहर गंभीर हो। आप के दरबार में तो करोड़ो दास हैं आप उन से अगंभीर रहते हो, सब कुछ आप का है

29.3.04

5

शब्द

उठत बैठत सोवत ध्याइये।
मारग चलत हरे हरी गाइए॥

II

स्रवन सुनीजै अमृत कथा,
जासु सुनी मन होय आनन्दा।
दुख रोग मन सगले लथा॥

III

कारज काम बार बार जपीजै।
गुरु प्रसादि हरि अमृत पीजै॥

4

दिनस रैण हरि कीरतन गाइए।
सो जन जम की बाट न पाइए॥

5

आठ पहर जिस बिसरहि नाही।
गति होवे नानक तिस लग पांही पाई॥

रामजी राम राम
श्रीराम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
29.3.04 (4.30 PM)

शब्द व्याख्या

हमारे सतगुरु जी (रामजी, नारायण जी) का आदेश है कि हमें उठते बैठते, सोते जागते अपने प्रभु का ही गुण गान करना है, उन्हीं की कथाएं सुननी है, वह ही केवल अमृत है, शेष सब विष है उन की स्तुति आनन्द है, सारे रोग दूर हो जाते है सारे कर्तव्य कर्म करते हुए, बाहर भी जाते हुए उन्हीं का (राम नाम, श्रीराम या कर कृपा के मन्त्र का जाप होना चाहिए, ऐसे अगर दिन रात हम अपने प्रभु प्यारे की याद में रहेंगे तो सारी विघ्न बाधाओं से छूट जायेंगे, अन्त में भी उन्हीं में मिल जायेंगे, परन्तु ऐसे तो केवल सतगुरु ही हो सकते है, उन की चरण की रज से हमारी गति हो जायेगी, कृपा चाहिए।

रामजी राम राम
श्रीराम
कर कृपा प्रभु दीनदयाल॥
तेरी आस पूरी गोपाल॥
29.3.04 (4.30 pm)

Date 30.3.04

शब्द 6

मांगऊ दान ठाकुर नाम।
अवर कछु मेरे संग न चाले,
मिले कृपा गुण गाम॥

2

राज माल अनेक भोग रस,
सगल तरुवर की छाम॥

3

धाई धाई बहुविधि को धावहि,
सगल निरारथ काम।

4

बिन गोविन्द अवर जो चाहु
दीसे सगल बाता है खाम

5

कहो नानक संत रेन मागऊ
मेरो मन पावै बिश्राम

रामजीराम
श्रीराम
30 3.04 (3 pm)

31.3.04

शब्द 6 व्याख्या

सतगुरु जी हमें शिक्षा दे रहे हैं कि हमें अपने इष्ट देव नारायण हरि जी से केवल उन का सिमरण भजन, नाम ही मांगना चाहिए। यह भी अगर उन की कृपा होगी, तभी मिलेगा, या उन्ही की कृपा याचना करो।

क्योंकि संसार के जितने भी माया के भोग हैं, जिन में हम रस चाह रहे हैं, वह केवल डाव हैं और सब अनित्य हैं जैसे वृक्ष की छाया, सुख मिलता है हम खुश हो जाते हैं जब डाव आता है तो हम भगवान को ही कहते हैं कि आपने हमें डाव दिया।

माया के पदार्थों की ओर जितना भागेंगे, उतना ही ज़्यादा डावी होंगे और अन्त में सब व्यर्थ ही लगते हैं, बिना गोविन्द प्रेम के सारे पदार्थ राख के समान है, जीव को परमानन्द की प्राप्ति तो केवल सतगुरु की चरण रज मिलने में है। केवल संतसंग मांगो

राम जी राम राम
श्री राम वह केवल कृपा से मिलेगा
कर कृपा प्रभु दीन दयाला
तेरी ओर पूरा गोपाला।

शब्द 7

मेरे प्रीतम प्यारे, मान करऊ तुध ऊपरे 2

1
हम अपराधी सद भूलते, तुम बलवान होरे।
मान ----

2
राखहु अपनी शरणा प्रभु, मोहे किरपा धारे
सेवा कछुअ न जानऊ, नीच मूरखारे
मान करऊ --

3
हम अवगुन करहि असंख नीत, तुम निरगुन दातारे
दासी सगति प्रभु त्याग, ए करम हमारे
मान ----

4
तुम देवहु सब किछु दइआ धारि, हम आकिरत धनेरे
लाग पेर तेरे दान से, नही चित रखमारे
मेरे प्रीतम --

5
तुम ते बाहर किछु नही, भव काटन होरे
कहो नानक शरणा दयाल गुरु, लेहु मुगध उधारे

रामजी राम राम
श्रीराम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओर पुरी गोपाला

31.3.04

शब्द 7 व्याख्या

परम प्रिय सतगुरु जी, हमें चेतावनी दे रहे हैं कि हमें धन यौवन, ऐश्वर्य का मान नहीं करना चाहिए क्योंकि यह सब अस्थिर हैं, अपने प्रभु पर मान करो, जिसने यह सब पदार्थ दिये हैं। अपने रामजी से क्षमा मांगो, हम बहुत गलतियां करते हैं, सदा यही प्रार्थना करो कि हे प्रभो! हम मूर्ख हैं अपनी शरण में ले लो। हम मायावी जीव कितने ही अवगुणों से भरपूर हैं, हमारी संगत माया की है, इस लिए हम आप को भूल जाते हैं। आप हमें संसार के सब प्रकार के सुख देते हैं। तब भी हम आप को भूल जाते हैं, हम बहुत ही कृतघ्न हैं, क्योंकि माया की वस्तुएं पा कर हम आप को भूल जाते हैं। यह संसार सारा आपने ही रचा है आप ही पालन कर्ता है और आप ही संहार कर देते हैं मैं तो एक बहुत ही मुग्ध अनजान छोटा सा बालक हूं आप इस का उद्धार अवश्य कर देना।

रामजी राम राम
श्री राम
31.3.04 (5.45 AM)

Date 1.4.04

शबद 8

I

हरि जीओ कृपा करे 2

तॉं नाम धियाइऐ जीओ 2

हरि जीओ ----

II 2

सतगुरु मिले सुभाए,

सहज गुण गाइए जीओ। हरि जीओ ----

III 3

अहंकार हउमै तजै माइआ,

सहज नाम समावए।

हरि जीओ -----

4

आप करता करे सोइ

आप देइ तां पाइए

हरि जीओ कृपा करे ---

5

गुण गाए निरमलै सदा अनदिन,

जॉं आपे साचे भावए।

हरि जीओ कृपा करे --

राम जी राम राम

श्री राम

कर कृपा गुरु दीनदयाला

तेरी आस पूरी गोपाला

1.4.04 (4.5 AM)

शब्द 8 (व्याख्या)

प्रभु किरपा बिना, कुछ भी नहीं हो सकता, जब विशेष कृपा प्रभु करते हैं तो सतगुरु से मेल करवाते हैं और सतगुरु के मिलने से हमारी सहज अवस्था हो जाती है। कि हमें हर समय रामजी की विस्मृति होती ही नहीं। हरि गुण गाते गाते हमारे अन्दर जो कमल औंधा पड़ा है वह सीधा हो जाता है जिससे हमारे मुख मंडल पर सदा अलौकिक आनन्द प्रगट हो जाता है। जो सब को आनन्द देता है। अहमता ममता सब समाप्त हो जाती है। बस भजन सिमरण ही मन को भाता है। यह सब प्रभु आप ही करते हैं सदा मन रूपी कमल खिला रहता है। यह सब तभी होता है अगर हमारी भक्ति प्रभु को भा जाती है।

तुम्हरे भजन राम को भावै
जन्म २ के दुख बिसरावै (हनुमान चालीसा)

कृपा चाहिए।

रामजी राम राम
श्रीराम
बरु कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
1.4.04 (4.10 AM

1.4.04

शब्द 1

झवड़ मागी मीहु वरसै, भी गुरु देखरा जाई,
भी गुरु देखरा जाई प्यारिया, भी गुरु देखरा जाई

2

समुद्र सागर होवै बहु खारा, गुरु सिख लघ गुरु पै जाई
भी गुरु देखरा जाई ---

3

जिऊ प्राणी जल बिन है मरता,
तिऊ गुरु सिख, गुरु बिन मरजाई
भी गुरु देखरा --

4

जिऊ धरती सोम करे जल वरसै,
तिऊ सिख, गुरु मिल विगसाई

5

सेवक का होय, सेवक करता,
कर कर विनम बोलाई।

6

नानक की बेनती हरि पै
गुरु मिल गुरु सुख पाई

राम जी राम राम
जी राम
1.4.04 4.30 PM

2.4.04

व्याख्या शब्द 9

संसार में प्रेम और आध्यात्मिकता में भी प्रेम है। सर्वोपरि है, जैसा प्रेम हमें संसार का है अगर ऐसा भगवान से हो जाये तो, हमारा शीघ्र ही उद्धार हो जाये इसी विचार को मन में रखते हुए गुरु साहब फरमाते हैं कि कितनी भी मुश्किलें हों अपने सतगुरु को भगवान को रोज़ ही मिलना है, जैसे हम जल के बिना नहीं रह सकते ऐसे ही गुरुसिख, अपने प्रियतम सतगुरु बिना नहीं रह सकता। जैसे वर्षा होने से धरती हरी भरी हो जाती है ऐसे ही शिष्य अपने प्यारे गुरु को देख कर खिल उठता है। वह सेवक बार २ प्रार्थना करता है कि मुझे अपने चरणों का सेवक बनाये रखना। क्योंकि सतगुरु से वह सच्चा खजाना प्राप्त होता है जिस के बराबर संसार का राज्य एश्वर्य कुछ भी नहीं है। महाराज कहते हैं कि आप सब यही प्रार्थना करो कि हमें कोई पूर्ण सतगुरु मिल जायें तो हम भी शाश्वत खुश हो जायें।

राम जी राम राम
2.4.04 (4.15 A.M)

24.04

शब्द 10

मेरे साहिब, मेरे साहिब, तूँ मै मारा निमाणी,

1

अरदास करी प्रभु अगो आगे, सुणि सुणि जीवां तेरी वाणी

मेरे साहिबा - - - -

2

तुध चित आये महा आनन्दा,
जिस विसरहि सो मर जाये।
दयाल होवे, जिस ऊपर करते,
सो तुध सदा ध्याये।

मेरे साहिब - - -.

3.

चरण धूड़ तेरे जन की होवां,
तेरे दरशन को बलि जाई।
अमृत वचन हृदय उरधारी,
तऊ किरपा ते सगल थाई।

4

अतर की गति तुध पै सारी
तुध जेवड अवर न कोई
जिस नू लाये लहे से लागे

2.4.04

भगत तुहारा सोई।
5
दोय कर जोड़ मांगू इक दाना,
साहिब तुड पावां।
साम सात नानक आराधे,
आठ पहर गुरा गावां।
मेरे साहिब - - .

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला।
तेरी ओट पूरा गोपाला
2.4.04 (11 P.M.)
5 Limco

व्याख्या शब्द 10

अपने सतगुरु के आगे, सदा हमें निमाणा, दीन अनाथ बने रहना है, क्योंकि प्रभु मेरे तो अखण्ड ब्रह्मण्ड-नायक हैं, समरथ हैं, स्वामी हैं, अन्तरयामी हैं। उन के आगे तो सदा यही अरदास, प्रार्थना, जोदरी, करनी है कि हम केवल आप की वाणी सुने और संसार की कोई भी चर्चा सुनने को मन न करे

4.4.04

उन के सम्मुख यही प्रार्थना करो। मुझे, परमा-
आनन्द ओ। जब आप मेरे चित्त में विराजमान
हो, और जब आप का नाम, आप का ध्यान
विस्मृत हो, तो लगे कि मेरे प्राण निकल गये हैं,
क्योंकि आत्मा का भोजन तो केवल आप का
नाम ध्यान है। यह भी तभी हो सकता है जिस
पर आप कृपा करें।

और प्रार्थना करो, कि मुझे सतगुरु जी की
चरण रज अवश्य प्राप्त हो। और उन के दर्शन
नित्य प्रति अवश्य हों, जो वह वाणी अमृत
वचन बोलें, उन्हें मैं हृदय में धारण करूं। उन का
सत्संग, सानिध्य नित्य प्रति मिले, यह सब
प्रभु कृपा से ही हो सकता है।

मैं अपनी अन्दर की व्यथा आप को ही कहूँ
क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है, आप से बढ़
कर और मुझे कोई नहीं लगता, आप तो
अति महान हो। यह सब तो तभी अनुभव हो
सकता है जब मैं केवल आप का ही भक्त बनूं

दोनो हाथ जोड़ कर मेरी यही प्रार्थना है,
कि आप सदा मुझ पर प्रसन्न रहें। और स्वासर
मैं आप की ही आराधना करूं। और आठ पहर
आप के ही गुण गाऊं। आप का ही दर्शन करूं
यही मेरी प्रार्थना स्वीकार करो
स्वीकार करो, स्वीकार करो।

रामजी राम राम
श्री राम
कर कृपा पूरो दीनदयाला
तूही और पूरो गोपाला
11. 4. 04 (3.40 PM)

5.4.04

शब्द 11 व्याख्या

मेरे राम राय तूँ सतां का सतं तेरे,
तेरे सेवक को भऊ किछ नाही,
जम नही आवै नेड़े। मेरे राम राय ---

2.

जिस के सिर ऊपर तूँ स्वामी,
सो दुख कैसा पावै,
बोल न जाणौ माया मद मत्ता,
मरणा चित न आवै।

3.

जो तेरे रंग रत्ते स्वामी,
तिन का जन्म मरण दुख नासा।
तेरी वडिआई मेटे कोई,
सतगुरु का दिलासा।

4

नाम धयायन सुख फल पायन,
आठ पहर आराधै,
तेरी शरणा तेरे भरवासे,
पचे दुष्ट लै साधै मेरे राम राय--

गिआन धिआन किछ करम न जाणा
सार न जाणा तेरी,
सब ते वडा सतगुरु नानक,
जिन कल राखी मेरी। मेरे राम राय --

भावार्थ शब्द 11

संसार में सब से बड़े राजाधिराज तो रामजी हैं, और जिस पर राजा की कृपा हो उसे कोई भी कुछ नहीं कह सकता। वही संत है जो पूर्ण अपने प्रभु के हो गये हैं, वह निर्भय है उन्हें मृत्यु भी नहीं सताती, दुखी करती। वही कभी भी दुखी नहीं होते। दूसरे जो हर समय माया में लीन हैं जिन्हें मृत्यु याद नहीं वह रामजी के संत नहीं बन सकते, हमेशा दुखी रहते हैं। संत भक्त प्रेमी तो सदा अपने प्रभु के रंग में, रंगे रहते हैं उन का जन्म मरण भी खत्म हो जाता है, ऐसी भगवान उन पर कृपा कर देते हैं। सतगुरु जीने की कला सिखा देते हैं? कि आप सदा

Date 6.4.04

गुरु मन्त्र का जाप जपते रहो। अपने प्रभु को अपने हृदय में धारण करो है। रामजी पर पक्का विश्वास, भरोसा, आस्था रखो। ऐसे करते 2 पांच चोर (काम क्रोध लोभ मोह अहंकार) सब वश में हो जायेंगे। और इतनी नम्रता आ जायेगी, कि आप हर समय अपने आप को ही समझोगे कुछ नहीं आता। प्रभु प्राप्ति के मार्ग में। ज्ञान नहीं ध्यान नहीं। अच्छे कर्म नहीं। भगवान की गति नहीं जानता। ऐसे अपने आप को समझो। फिर अपने आप सतगुरु (भगवान) तुम्हारी संसार में लाज रखेंगे जीवन सफल हो जायेगा, परलोक सुधर जायेगा।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओर पूरी गोपाला
6.4.04 (4 AM)

6.4.04

शब्द 12 (रामजी के बिना कोई नहीं)

ठाकुर तुम बिन आहि न मोरा 2।

2.
मात पिता भाई सुत बंधुप,
तिन का बल है थोरा। ठाकुर - - -

3.
अनिक रंग माया के पेखे,
किछु साथ न चालै मोरा। ठाकुर - - -

4.
मोहे अनाथ निगुरा गुरा नाही
मैं आइओ तुम्हारो धोरा। ठाकुर - - -

5.
बलि बलि चरण तुम्हारे,
इहां उहां तुम्हारो जोरा। ठाकुर - - -

6.
साध संग नानक दरस पाइओ
बिनविओ सगल निहोरा। ठाकुर - - -

रामजी राम राम
श्री राम
6.4.04 (4.5PM)

6.4.04

शब्द 13

मेरा वैद्य गुरु गोविन्दा 2

1

हरि २ नाम अऊखद मुख देवै,
कोटि जम के फन्दा। मेरा वैद्य ---

2

जन्म जन्म के दुख निवारै,
सूका मन साधारे।
दरशन भेटत होत निहाला,
हरि का नाम विचारे। मेरा वैद्य ----

3.

समरथ पुरख पूरन विधाते,
आपे करणैहारा।
अपना दास हरि आप उधारिआ,
नानक नाम आधारा।

राम जी राम राम
जी राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
त्रिभुवन पूरी गोपाला
6.4.04
(4 PM)

7.4.04

शब्द 13 "दयालया"

संसार में जिसने गुरु धारण नहीं किया, उसे निगुरा ही माना जाता है। वैसे तो हम ज्योंही इस मृत्यु लोक में आते हैं, तभी से गुरु गुरु शुरु हो जाते हैं माता पिता, स्कूल के गुरु। परन्तु इन सब से आवश्यक है, आत्मा के लिए गुरु, जो हमें परमात्मा तक जोड़ सके हमें सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर दे। वह है हमारे वैद्य Doctor गुरु जो हमें ऐसी दवाई देते हैं, जन्म २ के अन्दर के रोगों को ठीक कर देते हैं, नाम दान दे कर। उन के दर्शन मात्र से, हम कृत्य कृत्य हो जाते हैं। क्योंकि वह समरथ होते हैं, वह पूरी होते हैं। वह अपने दास का उद्धार कर देते हैं। लोक परलोक सुहानी बना देते हैं। ऐसे सतगुरु पर हम बलिहार जाते हैं।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
8.4.04 (3.30 A.M)

8.4.04

शब्द 14
(प्रभात समय उठने के लाभ)

प्रातः काल हरि नाम उचारी, तथा आज्ञा
इत उत की ओट सवारी।

2
सदा सदा जपिए हरि नाम,
पूरन होवहि मन के काम।

3
प्रभु अविनाशी रैण दिन गाऊ,
जीवत मरत निश्चल पावहि थाऊ।

4
सो सहु सेव, चित जित तोट न आवै,
खात खरचत सुख अनद निहावै।

5
जग जीवन पुरख साध संग पाइआ,
गुरु परसादि नाम धयाइआ।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
हो आट पूरी गोपाला
8.4.04
(3 AM)

8.4.04

शब्द 14
(सतगुरु की आज्ञा) ?

प्रभात समय उठो। उठ कर गुरु मन्त्र का जाप करो, प्रार्थना करो। ऐसा करने से लोक परलोक सुखी होगें। तुम्हारी भगवान लाज रखेंगें। सवेरे २ नाम जपने से सारा दिन नाम चलता रहेगा। मनो कामनाएं सारी पूर्ण हो जायेगी। भगवान तो अविनाशी है, हमारी आत्मा भी अविनाशी है। दिन रात सिमरन करने से मृत्यु का डर भी समाप्त हो जायेगा। ऐसा शाहों के शहनशाह का सदा सिमरन करो, जिस की सेवा करने से कोई कमी नही रहेगी। जितना हम सच्चा धन कमायेंगे, औरों लोगों को बतायेंगे, उतना और बढ़ेगा, जीवन में आनन्द बढ़ता जायेगा। ऐसा जगत के जीवन देने वाले सतगुरु भगवान, केवल संतो के संग से प्राप्त होते है। भगवत कृपा, गुरु कृपा से ही मुक्ति हो सकता है। इस लिए कृपा मांगो कर कृपा ....

राम जी राम राम
श्री राम
8.4.04

9.4.04
3.30AM

शब्द 15

हरि बिसरत सदा खुआरी,
तों को धोखा कहां व्यापै,
जां को ओट तुम्हारी। हरि बिसरत -----

2
बिन सिमरन जो जीवन चलना,
सरन जैसे अरजारी।
नव खंडन को राज कमावै,
अंति चलेगो हारी। हरि बिसरत सदा --

3
गुण निधान गुण तिन ही पाए,
जा कऊ किरपा धारी।
सो सुखिआ धन उस जनमा,
नानक तिस बलिहारी। हरि बिसरत ---.

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
9.4.04

10.4.04
4.10 P.M.

शब्द 15 व्याख्या

हरिनाम न जपने से, संसार में खुआर ही होगे जिसने प्रभु का आश्रय ले लिया है, उसे संसार कभी भी धोखा नही दे सकता, क्योंकि सदा के लिए भगवान उस के अंग संग रहते हैं। दर्शन देते हैं कोई गलत काम नही करने देते। राम जी उस की बुद्धि में बैठ कर बुद्धियोग कर देते हैं, कि प्रभु की याद के बिना, तो जीवन ऐसा है, जैसे सर्प का जीवन है अर्थात वह हर समय चिंता रूपी विष ही उगलता रहता है। चाहे वह सारी सृष्टि का राजा क्यों न हो, अन्त में वह संसार से हार कर, रोता हुआ ही जाता है। गुणों के खजाने तो केवल राम जी ही हैं वह उसे ही प्राप्त होते हैं, जिस पर प्रभु कृपा करते हैं। वही सुखिआ है, उस का जन्म धन है, गुरु नानक जी कहते हैं, मैं ऐसे जीव पर बलिहार जाता हूं।

रामजी राम राम
श्री राम
10.4.04

14.4.04

शब्द 16

गुण निधान मेरा प्रभु करता,
उसतत कउन करीजै राम।
सतां की वेनती स्वामी,
नाम महारस पीजै राम।

2 नाम दीजै दान कीजै,
विसर नाही इक खिन्नों।।
गुण गोपाल उचार रसना,
सदा गाइए अनदिनों।।

3 जिस प्रीत लागी नाम सेती,
मन तन अमृत भीजै।।
विनवंत नानक इह पुनी,
पेख दरशन जीजै।।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरन गोपाला
14.4.04 (4 P.M.)

Date 16.4.04

शब्द 16 व्याख्या

जो सदा अपने प्रभु की उसतति करते हैं और हमेशा नाम महारस पीते हैं.. वही संत हैं वह हमेशा अपने सतगुरु को गुणों का निधान (खजाना) समझते हैं। उन को भगवान मे कभी अवगुण नही दिखते और कभी भी कषाय नही आता, वह निरन्तर यही प्रार्थना करते हैं कि उन के मन से कभी भी प्रभु विस्मृत न हों। अपनी रसना से रात दिन भगवान के गुण, प्रभु नाम ही उच्चारण होता रहता है।

जिस की ऐसी प्रीती भगवान से लग गई है। उस का मन तन अमृत मे ही स्नान करता रहता है। महाराज फरमाते हैं कि मेरी ऐसी इच्छा पूरी हो गई है इस लिए मै तो सदा अपने प्रियतम के दर्शन पा कर ही सन्तुष्ट होता हूँ

रामजी रामराम
श्रीराम
16.4.04 (4 A.M.)

शब्द 17

गोविन्द नाम मत बीसरे रे वाई
गोविन्द नाम मत बीसरे

2.
अंत काल जो लक्ष्मी सिमरे,
ऐसी चिन्ता मे जो मरे,
सर्प जोनि वल वल अवतरै।

3.
अंत काल जो इसत्री सिमरे,
ऐसी चिंता में जो मरे,
वेसवा जोनि वल वल अवतरै।

4
अंत काल जो लड़के सिमरे,
ऐसी चिंता में जो मरे,
सूकर जोनि वल वल अवतरै।

5
अंत काल जो मंदर सिमरे,
ऐसी चिंता मे जो मरे,
प्रेत जोनि वल वल अवतरै।

अंत काल जो नारायण सिमरे ऐसी चिंता में जो मरे
पीतांबर वा के दुख हरे।

रामजी
रामराम
श्रीराम
16.4.04
(3.30 PM)

Date 17.4.04

शब्द 17 व्याख्या

मनुष्य जीवन का एक मात्र लक्ष्य है, भजन सिमरन, परन्तु भगवान ऐसी अपनी माया डाल देते हैं कि जीव संसार में आ कर, माया का ही सिमरन करने लग जाता है, वह है, धन परिवार, मकान आदि। जब सतगुरु मिलते हैं तो वह समझाते हैं कि जिस का सिमरन हम सारी उमर करेंगे, उसी का सिमरन हमारा अन्तकाल में भी होगा। जैसे हम सारी आयु केवल धन कमाने में ही लगा देंगे, तो अन्त समय भी अगर हमारा मन धनदौलत में ही रह गया तो, अगले जन्म में सर्प बनना पड़ेगा, ऐसे ही अगर पुरुष का मन पत्नी में, स्त्री का मन पति में रह गया तो वेश्या का जन्म होगा या नपुंसक होगा। बच्चों में ध्यान रहा तो सूअर बनेंगे। आहा! अगर नारायण जी सन्मुख आ गये तो, वह उन्हीं का रूप हो जायेगा आवागमन से छुटकारा मिल जायेगा। यह तो केवल पूरी प्रभु की कृपा से ही हो सकता है इस लिए

कर कृपा को प्राप्त अवश्य जो

Simrjit Singh

17.4.04 (4 PM)

17.4.04

गुरुशब्द 18

नमो नमो नमो, नेति नेति नेति है,
चरण शरण गुरु एक पैडां जाय चल,
सतगुरु कोटि पैडां आगे होय लेत हैं।
नमो नमो नमो नमो --

2

एक बार सतगुरु मन्त्र सिमरन मात्र,
सिमरन ताही बारम्बार गुरु हेत हैं।
नमो नमो नमो नमो --

3.

भावनी भक्त भोय कोटि अगमण शोवे,
ताही गुरु सरब निधान दान देत हैं
नमो नमो नमो नमो --

4.

सतगुरु दयानिधि महिमा अगाधि बोध,
नमो नमो नमो नमो, नेति नेति नेति हैं।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओर पूरी गोपाला
17.4.04 (4 A.M.)

व्याख्या शब्द 18 21.4.04

सतगुरु को कोटि कोटि प्रणाम करो, क्योंकि उन की महिमा, उन के परोपकारों का तो कोई अन्त नहीं है। उन की शरण मे कोई एक कदम चलता है तो वह उसे करोड पग और चलाते हैं अर्थात धर्म का मार्ग चला कर उसे अपना रूप बना देते हैं। जो गुरुमन्त्र वह देते हैं अगर उन की कृपा से वह हमारे अन्दर में सहज अवस्था में चलता रहता है। वही हमारा हितकारक है। ऐसा याद कराते रहते हैं। उन के वचनों में भावना विश्वास श्रद्धा रखें, तो सतगुरु उसे ऋद्धियां सिद्धियां दान मे दे देते हैं। यह तो इतने दया के खजाने हैं। उन की महिमा का कोई अन्त नहीं, अगम है, अपार हैं, दयासागर हैं, आप को करोड़ो बार नमस्कार नमस्कार नमस्कार है।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी आस पूरी गोपाला
21.4.04 (10.30 pm)

21.4.04

शब्द 19 बुधवार

कहा भयो जो दीऊ लोचन मूंद के,
बैठ रह्यो बक ध्यान लगायो,
नहात फिरिओ लीए सात समुद्रन,
लोक गयो परलोक गवाइओ,
वास कीओ विविअन सो बैठ के,
ऐसे ही ऐस सु बैस (उमर) गित्राओ,
साच कहयो सुन लेहो सभै,
जिन प्रेम कीओ तिन ही प्रभ पाइओ।

व्याख्या शब्द 19

सतगुरु महाराज जी रामजी, हमे समझा रहे हैं। कि अगर हम आंखें बन्द कर के ध्यान में बैठ जाते हैं, और हमारा मन अन्दर में विषयों का चिन्तन करता रहता है, तो कोई लाभ नही। अपने इष्ट देव का अन्तर मे ध्यान करना है उन का आलौकिक स्वरूप ध्यान में रहे, साथ२ जो मन्त्र दिया है वह भी श्वासों मे चलता रहे आगे जो भी अनुभव करवायेंगे यह उन की

21.4.04

कृपा से होगा। बगुला समाधि का कोई लाभ नहीं, अगर हम सारे तीर्थ स्नान कर लें, इस संसार के तब भी, कोई लाभ नहीं क्योंकि अहंता आ जाती है। और परलोक में भी कोई लाभ नहीं, क्योंकि वहां तो केवल सिमरण भजन साथ चलता है विषयों को भोगते २ आयु बीत जाती है परन्तु आशा तृष्णा नहीं मिटती।

वस प्रेम मार्ग ही सब से उत्तम मार्ग है

सब से ऊंची प्रेम सगाई
दुर्योधन के मेवा त्यागे
साग विदुर घर खाई
सब से ऊंची प्रेम सगाई

राम जी राम राम
श्री राम
श्री दीनदयाल
कर कृपा प्रभु दीनदयाल
तेरी ओट पूरा गोपाल
(11 P.M.)
21.4.04

29.4.04

20

शब्द गुरुवार 4 A.M.

हरि जीओ कृपा करे 2,

तॉ नाम धिआइए जीओ 2।

हरि जीओ कृपा करे

2.

सतगुरु मिले सुभाए,

सहज गुरा गाइए जीओ।

हरि जीओ कृपा --

3

गुरा गाई विगसे सदा,

अनदिन जॉ आपे सचे भावए।

हरि जीओ .

4

आप करता करे सोई,

आप दे तॉ पाइए।

हरि जीओ कृपा करे, तॉ नाम धयाइए जीओ।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओर पुरा गोपाला

29.4.04

20 04 AM

व्याख्या शब्द

जब पूरी प्रभु आवरण ब्रह्माण्ड नायक की कृपा होती है। तभी यह मायावी जीव, भगवत मार्ग पर चल सकता है। नाम का ध्यान, प्रभु प्राप्ति की इच्छा, मन में जागृत होती है। तब अपने आप ही पूरी सतगुरु प्राप्त होते हैं। वह हमारे भजन सिमरण की सहज अवस्था कर देते हैं।

भगवान के गुण गाने से कीर्तन शब्द आदि बोलने से हमारा मन कमल की तरह खिल उठता है, तो समझो कि हमारी भक्ति प्रभु को भा गई है, स्वीकार हो गई है।

यह सब प्रभु आप ही करें तो हो सकता है। वही कृपा करते हैं तो हमें पूर्णता प्राप्त हो सकती है।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी और पूरी गोपाला

30.4.04

शब्द 21

हरि राम, राम राम, रामा,
जप पूरी होय कामा।

2

राम गोविन्द जपेनदिया होया मुख पवित्र,
हरि जस सुणिए जिस ते, सोई भाई मित।

3

सभ पदारथ सभ फला, सर्व गुणा जिस मांही,
किऊ गोविन्द मनो विसारिए, जिस सिमरत दुख जाही।

4

जिस लड़ लगिए जीविए, भव जल पइए पार,
मिल साधू संग उधार होय, मुख ऊजल दरबार।

5

जीवन रूप गोपाल जस, संत जना की रास
नानक उधरै नाम जप, दर सच्चे शाबाश।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाली
तेरी ओट पूरी गोपाली।
30.4.04 (4 AM) शुक्रवार

1.5.04

शब्द 21 CENTRAL IDEA

पूर्ण प्रभु के अनन्त नाम हैं, हरि, गोविन्द गोपाल राम
इन नामों का रहस्य और महिमा केवल सतगुरु ही
बताते हैं, कि भगवान का नाम लेने से सब कार्य पूर्ण हो
जाते हैं, जो हमें नाम बताते हैं, वही हमारे सच्चे मित्र हैं, साथी हैं
सुहृद हैं, बार बार हमें चेतावनी देते रहते हैं, संसार में सब
कुछ मिलेगा, मिलता है, जिस के नाम जपने से, और मूर्ख
प्राणी तूँ उसे ही भूल जाता है, गुरु मन्त्र का जाप करने से
और संतो का संग करने से, सदैव मुख पर तेज और प्रसन्नता
झलकती है, और उद्धार हो जाता है, प्रभु स्तुति गान करने से
जीवन बदल जाता है।

बलिहारी गुरु आपणो दिऊहारी सद बार
जिन मानुष ते देवते किये करत न लागी बार

मनुष्य संत बन जाते हैं, और उन्हें हर जगह शाबाशी
मिलती है।

रामजी राम राम
श्री राम
1.5.04 (4 A.M)
शनिवार

3.5.04

शब्द 22

मैं सारा जग एह भालिआ
मेरे राम जी जैसा कोई नही 2

2
जैसा सतगुरु सुरीदा
तैसो ही मै डीठ
मै सारा जग - - -

3
विछुड़यां मेले प्रभु, हरि दरगह का बसीठ
मै सारा - - - .

4
हरि नामो मंत्र द्रढाइदा, कटे हउमै रोग
जैसा - - - .

5
नानक सतगुरु बिना मिलाइआ, जिना धुरे पया सजोग
जैसा सतगुरु —

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
3.5.04 (4.15 P.M.)

3.5.04

22

शब्द ग्यारहवा

मैंने लोगों से बहुत बार सुना कि सतगुरु बड़े दयालु कृपालु होते हैं। उन्हें संसारी जीवों पर दया आती है, वह "कर कृपा" का एक मन्त्र देते हैं। एक भाग्यवान दिन मेरा भी आ गया, सचमुच ज्योंही मैंने दर्शन किये आनन्द आ गया उन जैसा मुझे अब संसार में कोई भी नहीं लगता। उन्होंने मेरी आत्मा को परमात्मा के साथ एकाकार कर दिया मेरी सारी अहंता ममता काट दी।

ऐसे सतगुरु तो तभी मिलते हैं जब हमारे पिछले संस्कार तेज, अच्छे हो, अब तो जीवन में आनन्द ही आनन्द है।

न कोई चिन्ता न कोई फाका
आगे पीछे राम हमारा।

राम श्रीरामराम
श्रीराम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी आरत पूरी गोपाला
3.5.04 (4 AM)

4.5.04

गुरु शब्द 23

मागऊ दान ठाकुर नाम, मागऊ दान ठाकुर नाम

2.
अवर कछु मेरे संग न चाले, मिले कृपा गुरा गाम

3
मागऊ---
राज माल अनेक भोग रस, सगल तरुवर की छाम

4
मागऊ---
धाई धाइ बहुविधि को धावै, सगल निरारथ काम

मागऊ दान -

5
बिन गोबिन्द अवर जे चाहऊ, दीसै सगल बात है खाम

मागऊ दान ठाकुर --

6
कहु "नानक" संत रेरा मागऊ, मेरो मन पावै बिश्राम

मागऊ दान ----.

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला॥
5.5.04 (5 AM)
मंगलवार

4.5.04

Central idea

गुरुशब्द 23

महाराज जी हमें आज्ञा दे रहे हैं रे जीवो अपने सतगुरु से भगवान से, केवल नाम की याचना करो, भगवान से भगवान को मांगो, और दान के रूप में मांगो, क्योंकि संसार में और कोई भी वस्तु स्थिर नहीं है, और न ही साथ जाने वाली है। बस हमारा जपा हुआ नाम और अच्छे कर्म ही हमें अगले अच्छा जन्म प्रदान करते हैं। यह संसार का सारा ऐश्वर्य पेड़ की छाया की तरह जल्दी ही नाश हो जाने वाला है जितनी यह हमारी दौड़ धूप है सब व्यर्थ है। अगर हम भगवान के नाम बिना यह सब करते हैं तो इस का परिणाम कुछ भी नहीं निकलेगा। बस संतों की चरण रज से ही हमारे मन को शान्ति मिल सकती है

मुख में हो राम राम, राम सेवा हाथ में, यह केवल संत सतगुरु रामजी ही बतायेंगे।

राम जी राम राम
श्री राम
4.5.04 (4.10 AM)

5.5.04

गुरुशब्द 24

तूँ समरथ सदा, हम दीन भेखारी राम
माइआ मोह मगन, कढि लेहो मुरारी राम

2.

लोभ मोह विकार बांधिओ, अनिक दोख कमावनो
अलिप, बन्धन रहित कर्ता, किआ अपना पावनो

3

कर अनुग्रह पतित पावनो, बहु जोनि भ्रमते हरी
विनवंत नानक दास हरि का, प्रभ जीअ प्राण आधारी

व्याख्या ~~central idea~~ शब्द 24

हे प्रभो! आप तो समरथ हो, सब कुछ कर सकते हो, हम तो सदा ही दीन है क्योंकि हमेशा आप से मांगते ही रहते हैं। यह आपकी माया ही हमें अपनी ओर खींच लेती है, आप ही हमें अपनी कृपा से इस माया से निकाल सकते हो, अब हमें आप अपनी शरण में रखो, और हमारा उद्धार कर दो।

हम तो लोभ मोह आदि कई विकारों में बंधे हुए कई जन्मों से दुख ही दुख पाते आ रहे हैं। आप तो अलिप्त हो, सब कुछ करने वाले हो

5.5.04

हमें पता भी है कि, हमें अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा फिर भी माया से प्रेरित हो कर कई गलत कर्म कर जाते हैं। भगवान तो अलिप्त हैं जैसा कि वह गीता में फरमाते हैं।

"रह कर उदासी सा अलिप्त हो
कर्म करता सभी" (गीता)

हमें अपने प्रभु से सदा इस प्रकार नित्य प्रति प्रार्थना करनी चाहिए हे पतितों को पावन करने वाले राम जी अब तो कृपा कर दो, अनेक योनियों में फिरते २ अब यह जीवात्मा थक गई है। हार गई है। अब तो प्रभो अपनी दासी बना लो, शरण में रख लो। आप ही मेरे प्राण-आधार हो।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा हे दीन दयाली
तेरी शरण पूरी गोपाली
5.5.04 (3.35 A.M)

8.5.04

गुरुशब्द 25

तूँ समरथ बड़ा मेरी मति थोड़ी राम
पालहि अकिरतघराम। पूरन दृष्टि तेरी राम

2.

अगाधि बोध अपार करते,
मोहि नीच कछु न जाराम।
रतन त्याग सगुंह कौड़ी,
पशु नीच इमाराम "।
तूँ समरथ - -

3.

तिआग चलती महा चंचल,
दोख कर कर जोड़ी।
नानक शरण समरथ स्वामी,
पैज राखहु मोरी।
तूँ समरथ

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा गुरु दीनदयाला
तेरी ओर पूरी गोपाला
8.5.04 (3.40 P.M)

8.5.04

व्याख्या शब्द 25

हे मेरे प्रभु हे मेरे रामजी, नारायण जी आप तो सर्व कला समर्थ हो, परन्तु मैं तो मायावी जीव आप के सामने कुछ भी नहीं हूं। न गुण मे बल है न बुद्धि है, न विद्या है। और मैं तो कृतघ्न हूँ फिर भी आप मेरे पर कृपा-दृष्टि रखते हो, कृपा करते रहते हो।

आप तो अपरम्पार हो, आप तक पहुंचना बड़ा कठिन है, और मैं छोटा सा जीव, माया मे लिप्त नीच हो गया हूं। मैंने आप का नाम रत्न छोड़ कर माया जिस का मूल्य कुछ भी नहीं कौडियो के समान है इस मे लग गया और पशु बन गया। यह माया महां चंचल है फिर भी इस के लिए मैंने कई पाप किये। आप मेरे समर्थ स्वामी हो अब मेरी लाज राखो लो। हे मेरे स्वामी अब अपनी शरण मे ले लो।

रामजीराम राम
श्रीराम
8.5.04 (3.45 pm)

8.5.04

शब्द 26

हरि दइआ प्रभु धारहो, पावरा हम तारहो
कढि लेवहो शब्द सुभाई जीओ
मोह चीकड़ काये, निघरत हम जाते
हरि बांह प्रभ पकराये जीओ

2.

प्रभ बांह पकराई उत्तम मति पाई
गुरु चरणी जन लागा
हरि हरि नाम जपिआ आराधिआ
मुख मस्तक भाग सभागा

3.

हरि दइआ प्रभ धारहो, पावरा हम तारहो
कढि लेवहो शब्द सुभाई जीओ

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तूरी आट पूरी गोपाला
8.5.04 (4 A.M)

8.5.04

26 शब्द व्याख्या

हे प्रभो! हम तो संसार का भार ढोते ढोते भारी पत्थर हो गये हैं। अब तो प्रभु दया कर दो हमें इस भवसागर से पार कर दो। हमें सहज अवस्था वाली भक्ति दो। हमारे अन्दर शब्द सुरति का मेल करवा दो। हम तो मोह के कीचड़ में फँस गये और अपना वास्तविक घर भूल गये। अब तो हे प्रभो। हमारी बांह पकड़ लो। अर्थात हमें उभार लो।

जब हमारी बांह आप पकड़ोगे तो हमारी मति अच्छी हो जायेगी तब हमारा मन गुरु चरणों में समाहित हो जायेगा। गुरु चरण क्या है। जो नाम हमने अपने सतगुरु से लिया है। उस मन्त्र को मन बुद्धि चित से जाप करना, यह है गुरु चरणों को धोना। यह सभी तभी प्राप्त हो सकता है जब हमारे भाग्य में हो। हे प्रभो आप कृपा करो तो यह पत्थर भी तर जायेंगे।

रामजीराम राम
श्रीराम
11.5.04 (4 A.M.)

11.5.04

28

शब्द

तुम्हरी किरपा ते मानुख देह पाई है,
देहु दरस हरि राइआ। अनिक जनम बहु जोनि भ्रमिआ
बहुर बहुर दुख पाइआ

2

मिलहु प्यारे जीआ सभ कीआ तुम्हारा थीआ।
तुम्हरी किरपा ते-

3.

सोई होआ जो तिस भाया, अवर न किनही कीता,
तुम्हरे भाणे भरम भौ मोहिआ, जागत नाही सूता।
तुम्हरी --

4

बिनऊ सुनहो तुम पुरापति दाते प्यारे
किरपा निधि दयाला
राखि लेहो पिता प्रभ मेरे, अनाथह कर प्रतिपाला
तुम्हरी किरपा --

5

जिसनू तुम्हे दिखाइओ दरशन, साध संगत के पाइ
कर किरपा धूर देहो संतन की, सुख नानक पाइ।
वाहे

रामजी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरा गोपाला

12.5.04

शब्द 28

हे मेरे राम जी आपने अति कृपा की, मुझे अपने मनुष्य शरीर दिया और दूसरी कृपा की, कि मेरे मन में आपने, अपने दरशन की लालसा दी और मुझे सतगुरु, राम जी से मिलाप करवाया उन्होंने बताया।

लख चौरासी भरम के मनुष्य जन्म लिया पाय
अब कि के भी हरि न भजा लाख चौरासी जाय

हे प्रभो, सब आप का ही किया होता है, अब मेरे ठौर आन मिले, यह विरह भी तो आपने ही दिया है। जो आप करते हैं वह ही होता है, कई जन्मों से आप मुझे मोह माया में ही भरमाते रहे, जगाया नहीं, सोया ही रहा अब मेरी प्रार्थना सुनो, आप तो कृपा निधि हो, अब मेरी रक्षा करो, मेरे जैसे अनाथ की प्रतिपालना आपने ही करनी है। जिसे भी आप के दर्शन हुए सतगुरु के द्वारा ही हुए, इस लिए आप मुझे सतगुरु और संतों की चरण रज देते रहना, इसी में मेरा सुख है ऐसा भाव बनाते रहना।

राम जी राम राम
श्री राम
12.5.04 (4 A.M)

13. 5. 04

शब्द 24

हरि एक सिमर, एक सिमर, एक सिमर त्योर
नलि क्लेश लोभ मोह, मद मऊजल तोर
सासि सासि निमाव निमख
दिनस रैण चितारे
साध संग जप निसंग
मनि निधान धारे
चरण कमल नमस्कार, गुरु गोविन्द विचोर
साध जना की रेन नानक, मंगल सुख सचोर

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरा गोपाला
13. 5. 04 (4 A.M)
कुमार

13.5.04

अपने मन को हमने समझाना है, क्योंकि मन पर ही सारी बातें आती हैं, मन ही दुखी होता है, और मन ही सुख का अनुभव करता है। अगर हमारा मन प्रभु सिमरण में लग जाता है, तो यह सुखी हो जाता है। इसे बार २ सुख का प्रलोभन देते रहना है, क्योंकि यह कई जन्मों से हर एक योनि में दुखी ही होता है, पशु योनियों में गया तो वहां भी विकार थे। पशु भी क्रोध लोभ मोह अहंकार में ही जीवन व्यतीत करते हैं, सारी गन्दी योनियों के बाद भगवान ने कृपा की, इसे मनुष्य जन्म दे दिया

लाख चौरासी भरम के मनुष्य जन्म लिया पाय
अब कि भी हरि न भजा फिर लाख चौरासी जाय

फिर रामजी भी मिल गये जो बार २ Reminder याद कराने लगे, एक को अपना बना लो, एक मन्त्र का जाप करते रहो, सारे विकार प्रभु कृपा से नाश हो जायेंगे, रोज़ तीन बार सतसंग करो। बार २ अपने प्रभु प्यारे के आगे झुक के विचार में रहो, इसी में ही मंगल है सुख है बंदा याद रखो।

~~राम जी राम राम~~
श्री राम
13.5.04 (3.30 P.M)
वीरवार

13.5.04

25

गुरु शब्द

मेरे मन अहनिसि हरि गुण सार, मेरे मन अहनिसि हरि गुण सार

जिन इकु विनु पल ना मन विसरै, ते जन विरले संसार

2

इकु तिलु प्यारा वीसरै, रोगु वडा मन माहि

क्यों दरगह पति पाइए, जां हरि न वसै मन मांहि,

गुरु मिलिए सुखु पाइए, अगनि मरै गुण माहि।

मेरे मन अहनिसि - -

3

जोति जोति मिलाइए, सुरति सुरती संजोग

इहां हउमै गति गए, नाही सहसा रोग

गुरमुख, जिस हरि मन वसै, तिस मेले गुरु संजोग

मेरे मन - -

4

काया कामणि जे करी, भोगे भोगणहार

तिस सिउ नेह न कीजिए, जो दीसै चलणहार

गुरमुख रवै सोहागणी, जो प्रभ सेज भतार

5

चोर अगनि निवार, गुरु सुखु हरि जलु पाए

अंतर कमल प्रगासिआ, अमृत भरिआ अधाए

नानक सतगुरु मीत कर, सच पावहि दरगहजाए

रूप जी रामराय

व्याख्या शब्द 25

हमें हमेशा अपने मन को समझाना है रे मेरे मन तूँ सदा अपने हरि जी का ही सिमरण कर। जिन को एक दफा भी अपना प्यारा प्रीतम विस्मृत नहीं होता वह तो कोई ही है सारा संसार माया में जकड़ा हुआ डूबा है। जिन पर पूर्ण कृपा है राम जी की उन्हें तो ऐसे लगता है कि प्रभु विस्मृति तो मानो रोग है, और हर समय ईश्वर की याद रहने से परलोक भी सुधरी है, क्योंकि माया की अगनि नाम से शान्त हो जाती है अन्दर की सुरति शब्द से मिल जाती है तो अपने आप ही अहंता ममता हिंसा आदि सब रोग क्षय हो जाते हैं। यह केवल गुरमुख की अवस्था होती है। उसे यह पता लग जाता है कि सारा संसार नाश्वान है। इस से मोह नहीं करना, यह दुख-दायी है, गुरमुख की आत्मा परमात्मा रूपी पति से ही रमण करती है, वह नाम रूपी जल से, चारों प्रकार की माया की अगनि को को शान्त रखता है। उस का अन्तर का कमल खिल जाता है, वह संतुष्ट रहता है। यह सब सतगुरु को अपना सच्चा मीत बना कर ही हो सकता है। हमेशा के लिए आनन्दमय रहता है कृपा गुरु की हो तो।

राम जी राम राम
श्रीराम 20.5.04 (3 A.M)

16.5.04

शब्द 26

कर कृपा दयाल प्रभ, रद्ध निधि सिधि पावऊ,
संत जना की रेणुका, लै माथे लावऊ।

2.
श्रवणी सुनऊ हरि हरि हरे, ठाकुर जस गावऊ,
संत चरण कर सीस धर, हरि नाम ध्यावऊ।

3
नीच ते नीच अति नीच होय, कर विनऊ बुलावऊ
पावं मलोवा आप त्याग, संत संग समावऊ।

सास सास न वीसरै आन कतहु न धावऊ,
सफल दरशन गुरु भेटिए, मान मोह मिटावऊ।

5
सत सतोखं दया धर्म सीगार बनावऊ,
सकल सौहागण नानका, अपने प्रभु भावऊ।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरो गोपाला
16.5.04 (3.45 A.M)

व्याख्या शब्द 26

जब हम "कर कृपा" का मन्त्र जाप करते है तो यही कृपा मांगते है कि हमे सदैव संतो का संग मिले उन की चरण रज मिले। कानों मे मन्त्र गूंजता रहे। मुख मे भी नाम ही मिठास हो। सच्चे संतो के चरणो में शीश हो अपने आप को सदैव छोटा समझू। सदा विनम्र ही करता रहूं। अहमता ममता त्याग कर। संतो के संग मे ही सारा जीवन रहे। इस से हर श्वास मे राम जी याद आते रहेंगे कही बाहर भागने की जरूरत नही रहेगी। ऐसे सच्चे सतगुरु राम जी के दर्शन मात्र से मान और मोह खत्म हो जायेगा और उस की जगह सत संतोष, दया धर्म प्राप्त हो जायेंगे इन गुणों के गहने पहन कर हम परमात्मा रूपी पति को प्राप्त कर लेंगे सदा के लिए सौहागण हो जायेंगे। यह सब प्रभु कृपा से ही हो सकता है।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरी गोपाला
20.5.04 (3.30 A.M.)

20.5.04

गुरुशब्द 27

लाव खुशियां पातशाहियां, जे सतगुरु नदर करे,
निमाव एक हरि नाम दे, मेरा मन तन शीतल होय ॥

2
सभे थोक परापते जे आवे इक हथ, जन्म पदारथ सफल है
जे सचा शब्द कथ
गुरु ते महल परापते जे लिखिआ होवे मथ,

3
मेरे मन एकस सिऊ चित लाये, एकस बिन सब धन्ध है,
सब प्रिथिआ मोह माय ॥

4
जिस कऊ पूरब लिखिआ तिन सतगुरु चरण गहे

5
सफल मूरत सफला घड़ी, जित सच्चे नाल प्यार
दुख सताप न लगई जिस हरि का नाम आधार
बाह पकड़ गुरु काढिया, सोई उतरया पार

6
थान सुहावा पवित्र है जिथे सतां सभा
ढोई तिस नू ही मिले जिस पूरा गुरु लभा
नानक बधा धर जहां, जिथे मिरत न जन्म जरा

राम जी ~~राम राम~~
श्रीराम
20.5.04

व्याख्या गुरु शब्द 27 21.5.04

एक बार पूर्ण सतगुरु की कृपा हो जाये तो हमे लाखों तरह का आनन्द प्राप्त हो जाता है क्योंकि वह तो सच्चा नाम धन देते है जिससे मन सदा के लिए सतुंष्ट हो जाता है। अगर हमारे पूर्ण सत्कार हो तो। हमे उस महल की प्राप्ति हो जाती है, कि हमारा मन एक पूर्ण प्रभु से जुड़ जाता है यह समझ जाता है कि भगवान के बिना यह मोह माया सब गलत है, वह हमेशा अपने सतगुरु की आज्ञा मे ही रहता है। उसे वही घड़ी सफल लगती है जिस मे वह अपने प्रियतम प्रभु की याद मे रहता है। उसे संसार कोई भी दुख नही लगता, क्योंकि राम जी उसे पूरी तरह से माया से निकाल देते है। बस उसे तो वही पवित्र लगता है जहां सतसंग होता है। क्योंकि निरन्तर सतो का साथ मिलने से जन्म जवानी बुढ़ापा सब समाप्त हो जाता है। सब पूर्ण प्रभु की कृपा से ही हो सकता है।

राम जी राम राम
की राम
कर कृपा प्रभु दीन दयाला
करो आज पूरी गोपाला
21.5.04 (3.45 A.M.)

卐 卐 卐

गुरुवासरी 28 21.5.04

प्रभु कृपा ते होय प्रगास
प्रभु दइआ ते कमल निवास

2

आप जपाए जपे सो नाउ
आप गवाए सो हरि गुण गाउ
प्रभु कृपा —.

3.

प्रभ सुप्रसन्न बसै मन सोय
प्रभ दइआ ते मति उतम होय

4

सर्व निधान प्रभ तेरी मइआ (मया)
आप कछु न किनही लइआ

5

जित जित लावहो तित लगे हरि नाथ
नानक इन के कछु न हाथ

रामजी राम राम
श्रीराम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओट पूरा गोपाला
21.5.04 (3.50 A.M.)

व्याख्या गुरुवाणी 28

प्रभु की पूर्ण कृपा जब जीव पर होती है तो हमारे अन्दर प्रकाश हो सकता है और कृपा से ही हमारे अन्दर जो औंधा कमल है वह सीधा हो जाता है नामजपने के लिए पिछले सत्कर्मो का होना भी है। वही इस रास्ते पर लग सकता है, जिस पर प्रभु स्वयं कृपा करते है। भगवान की कृपा से ही हमारी बुद्धि अच्छी हो सकती है, जब मन और बुद्धि दोनो अपने इष्टदेव की ओर लग जाते हैं समझो प्रभु हमारे पर अति प्रसन्न हो गये। जिस पर प्रभु प्रसन्न होते है उस पर सारा संसार प्रसन्न हो जाता है, क्योंकि संसार तो मेरे ठाकुर की कठपुतली है। यह सब अपने आप नही हो सकता। महाराज फरमाते है कि यह सब हरि के हाथ है इन के हाथ में कुछ नही, जिधर इन भोले भाले जीवो के लगाओ लग जायेगा।

राम जी राम राम
श्री राम
कर कृपा प्रभु दीनदयाला
तेरी ओर मुई गोपाला
21.5.04 (5.15 P.M)
मंगलवार

शब्द 29

भिन्नी रैनारीये चमकन तारे,
जागें संत जना मेरे राम प्यारे।

2

राम प्यारे सदा जागे, नाम सिमरे अनदिनो,
चरण कमल ध्यान हृदय,
प्रभ बिछुरे नाही इक खिनो।

3

तज मान मोह विकार मनसा, भिन्नि रैनान-
कलमला दुख जाये।
विनवंत नानक सदा जागे,
हरि साध संत प्यारे।

राम जी राम राम
श्री राम
